प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 05.01.2026 समय : 09:00 ए.एम.

- भारत चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया का सबसे बड़ा धान उत्पादक देश बना।
- केन्द्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा –कोटा–बूंदी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट से हाडौती के पर्यटन को नई पहचान मिलेगी।
- राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट– 2026 के दूसरे दिन आज वैश्विक नेतृत्व नवाचार और पॉलिसी डायलॉग पर फोकस रहेगा।
- प्रदेश का बडा हिस्सा आज घने कोहरे की चपेट में–सीकर, चूरू सहित कई जगह शीतलहर का प्रकोप।

.................

भारत ने चीन को पीछे छोड़ते हुए विश्व का सबसे बड़ा धान उत्पादक देश बनने का गौरव हासिल किया है। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिव राज सिंह चौहान ने कल नई दिल्ली में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि देश में धान उत्पादन 15 करोड़ एक लाख अस्सी हजार टन हो गया है, जबकि चीन में यह 14 करोड़ 52 लाख 80 हजार टन रहा। श्री चौहान ने कहा कि भारत अब विदेशी बाजारों में भी चावल की आपूर्ति कर रहा है।

......

कोटा–हाडौती ट्रेवल मार्ट कल रात सम्पन्न हुआ। समापन समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने शिरकत की। इस मौके पर श्री बिरला ने कहा कि हाडौती क्षेत्र में जल जंगल और विरासत का अद्भुत संगम है, जो इसे असीम पर्यटन संभावनाओं वाला क्षेत्र बनाता है। उन्होंने कहा कि हवाई सड़क और रेल संपर्क के मजबूत होने से आने वाले समय में हाडौती पर्यटन के बडे केन्द्र के रूप में उभरेगा। केन्द्रीय पर्यटन मंत्री ने कोटा हाडौती ट्रेवल मार्ट को अच्छी पहल बताया। उन्होंने कहा कि कोटा–बूंदी ग्रीन एयरपोर्ट से पर्यटन को नई पहचान मिलेगी।

....

संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कल जोधपुर के जोलियाली में किसान पथ का शिलान्यास किया। करीब एक करोड़ 8 लाख रूपये की लागत से ये सड़क जोलियाली से पिपरलिया तालाब तक बनाई जायेगी। इस मौके पर श्री पटेल ने कहा कि राजस्थान के समग्र आर्थिक विकास के लिए 9 ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि मुम्बई–दिल्ली एक्सप्रेस वे को भारतमाला के माध्यम से कांडला पोर्ट से जोडने़ के लिए डीपीआर तैयार कार्य की जा रही है। विधि मंत्री ने कहा कि जोधपुर जिले में सार्वजनिक निर्माण विभाग के 800 करोड़ के सडकों के कार्य स्वीकृत हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बेहतर कनेक्टिविटी के लिए सडक़ तंत्र का समुचित विकास किया जा रहा है।

हनुमानगढ जिले के टिब्बी क्षेत्र के राठीखेडा गांव में प्रस्तावित एथनॉल फैक्ट्री के मामले में गठित उच्चस्तरीय समिति ने कल क्षेत्र का दौरा किया। समिति ने फैक्ट्री के संबंध में किसानों की आपत्तियों को देखते हुए उनसे बातचीत की और उनकी शिकायतों को सुना। समिति के सदस्य और भूजल विभाग के मुख्य अभियंता सूरज भान ने बताया कि समिति जल्द ही अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपेगी।

....

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल की पहल पर उनके संसदीय क्षेत्र बीकानेर के कई गांवों में सोलर लाईटें लगाई जा रही है। ये विभिन्न कंपनियों के कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी–सीएसआर मद से लगाई जा रही है। श्री मेघवाल ने बताया कि सीएसआर के तहत संसदीय क्षेत्र के 75 गांवों के स्कूलों, मंदिरों और सार्वजनिक स्थानों पर 1 हजार 600 से अधिक लाईटें लगाई जा रही है। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रात के समय आवागमन सुगम होगा।

.................

राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट– 2026 के दूसरे दिन आज वैश्विक नेतृत्व नवाचार और पॉलिसी डायलॉग पर फोकस रहेगा। इस पर कई महत्वपूर्ण सत्रों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें नीति–निर्माताओं, वैश्विक उद्यमियों, निवेशकों और स्टार्टअप संस्थापकों के बीच उभरती प्रौद्योगिकियों और विभिन्न क्षेत्रों में एआई के विस्तार पर मंथन किया जाएगा। प्रोद्योगिकी रचनात्मकता और सार्वजनिक नेतृत्व के संगम पर भी विशेष सत्र आयोजित होंगे। इसके साथ ही समिट में कल आईस्टार्ट इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ राजस्थान का शुभारम्भ हुआ। इसके तहत आज 19 फिल्मों की स्क्रीनिंग की जायेगी। वहीं एआई, सिनेमेटोग्राफी और फिल्ममेकिंग से जुडे पैनल डिस्कशन होंगे। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री कर्नल रज्यवर्द्धन राठौड ने कल इसका उद्‌घाटन किया। उन्होंने एआई के क्षेत्र में राजस्थान को निवेश का आदर्श गंतव्य बताया। श्री राठौड ने कहा कि टाइ ग्लोबल समिट के जरिये 100 से ज्यादा स्टार्टअप्स को वैश्विक निवेशकों के सामने पिच करने का अवसर मिलेगा।

..........

जयपुर में आयोजित सरस राजसखी राष्ट्रीय मेले का कल समापन हुआ। राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद राजीविका की ओर से जवाहर कला केन्द्र में ये मेला 18 दिसम्बर से आयोजित किया गया। राजीविका की स्टेट मिशन निदेशक नेहा गिरी ने बताया कि मेले में देश के विभिन्न राज्यों से आई स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने 300 से अधिक स्टॉल्स लगाये।

....

राज्य का बडा हिस्सा आज घने कोहरे की चपेट में है। जयपुर, अलवर, सवाईमाधोपुर, हनुमानगढ़, करौली, बीकानेर, दौसा, सीकर, झुंझुनूं, चूरू सहित कई जगह धुंध से दृश्यता काफी कम है। सीकर, चूरू, सिरोही और पाली सहित कई जगह शीतलहर का प्रकोप है। सर्द हवायें गलन बढ़ा रही है। बारां में शीतलहर के कारण जिला कलेक्टर के निर्देश पर स्कूलों में आज अवकाश घोषित किया गया है।

मौसम विभाग ने अगले दो–तीन दिन घना कोहरा छाये रहने की संभावना जताई है। वहीं न्यूनतम तापमान में भी 1 से 2 डिग्री की गिरावट हो सकती है।

...............

सिक्खों के दसवें गुरू गोबिंद सिंह जी का प्रकाश उत्सव आज मनाया जा रहा है। इस अवसर पर उनके धर्म की रक्षा के लिये किए गए योगदान को याद किया जा रहा है। प्रकाश उत्सव के मौके पर गुरूद्वारों में आकर्षक सजावट की गई है और कीर्तन दरबार लगाये जा रहे है। अटूट लंगर का भी आयोजन किया गया है।

...................

सवाईमाधोपुर जिले के चौथ का बरवाडा में चौथ माता के वार्षिक मेले की शुरूआत आज मंगला आरती के साथ हुई। मुख्य मेला कल होगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि 8 जनवरी तक चलने वाले इस मेले में बडी संख्या में श्रृद्धालुओं की आवक हो रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए माकूल प्रबंध किए गए है।

..........